NT>

Title: Need to sanction laying of Ujjain-Agar-Jhalawad rail line under Ratlam Division in Madhya Pradesh- Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, पश्चिम रेलवे मण्डल रतलाम के अंतर्गत आजादी के पूर्व से उज्जैन आगर नेरो गेज रेल लाईन थी, जिस पर सन 1976 तक यात्री और माल गाड़ियां चलती थी सन 1976 में आपातकाल के दौरान उक्त रेल लाईन को उखाड़ दिया गया। उसी समय से आम जनता व जनप्रतिनिधि उज्जैन से रामगंज मंडी तक नई रेल लाईन डालने की मांग करते आ रहे हैं। इस उक्त मार्ग पर उज्जैन-आगर, सूसनेर-सोयत होकर झालावाड़, रामगंज मंडी तक नई रेल लाईन के लिये सर्वे कराया गया। सर्वे कार्य का शुभारंभ माननीय रेल मंत्री जी ने ही किया है। सर्वे कार्य पूर्ण होकर मंत्रालय में विचाराधीन है। अब उज्जैन से झालावाड़ तक ही नई रेल लाईन डालने की आवश्यकता है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि उज्जैन-आगर-सूसनेर-सोयत-झालावाड़ के लिये नई रेल लाईन की शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाये।